an>

Title: Need to allow repair of houses in the vicinity of Dr. Rajendra Prasad National Monument, in Jiradei village in Siwan Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र सीवान, बिहार देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जन्म भूमि है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने उनके पैतृक आवास को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया है, जो स्वागत योग्य है। इसके तहत एक अधिसूचना जारी की गयी है, जिसके अनुसार इस राष्ट्रीय धरोहर के आस-पास रहने वाले लोगों को न तो अपने वर्तमान मकान पर नये रूम बनाने का अधिकार है और न ही खाली जमीन पर नये निर्माण कराने का अधिकार है। इस तरह वहां के स्थानीय लोगों के समक्ष काफी विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गयी है, क्योंकि जनसंख्या बढ़ने से वे अपने एक तला मकान को दो या तीन तला मकान नहीं बना नहीं पा रहे हैं। अगर वे बनाने की कोशिश भी करते हैं, तो पुलिस उन्हें तुरंत अरैस्ट कर लेती है। अगर आज डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी होते, तो उनकी सादगी और उनका व्यवहार देखने से हमें लगता कि वे इस कानून को स्वतः ही समाप्त कर देते।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि उस नियम में शिथिलता बरती जाये, ताकि वहां के स्थानीय लोगों को सहायता मिल सके।